भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 908

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

गोवा के पोंडा तालुका में राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार

908. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गोवा के पोंडा तालुका के भोमा गाँव में राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रस्तावित विस्तार में क्षेत्रीय योजना 2021 में दर्शाए गए मौजूदा राजमार्ग के पूर्व में वैकल्पिक संरेखण और मौजूदा संरेखण के पश्चिम में संभावित मार्गों पर विचार किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विरासत संबंधी और धार्मिक भवनों की मौजूदगी के बावजूद मौजूदा संरेखण को जारी रखा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने वर्तमान मार्ग के बजाय खजान भूमि से गुजरने वाले वैकल्पिक मार्ग पर विचार किया था क्योंकि इससे प्राचीन विरासत संबंधी मंदिरों को बचाया जा सकता था और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) गोवा में एनएच-748 खंड के संरेखण को, जिसमें पोंडा तालुका से गुजरने वाला खंड भी शामिल है, क्षेत्रीय योजना 2021 सहित व्यवहार्य विकल्पों पर विचार करते हुए अंतिम रूप दिया गया है। संरेखण को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है ताकि संरेखण के साथ स्थित धार्मिक और विरासत संरचनाओं को कोई नुकसान न पहुंचे। इसके अतिरिक्त, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के परिणामों के आधार पर, भोमा गाँव में एलिवेटेड कॉरिडोर प्रदान करके मौजूदा राजमार्ग के साथ भूमि अधिग्रहण को अनुकूलित किया गया है और परियोजना को दिनांक 31.03.2025 को मंजूरी दे दी गई है।

*****